आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 24.06.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल शाम राष्ट्रपति भवन में आयोजित नागरिक अलंकरण के दूसरे समारोह में पद्म पुरस्कार प्रदान किए।
2. रिजर्व बैंक ने ट्रेड रिसीवेबल्स डिस्काउंटिंग सिस्टम–टीआरईडीएस के लिए नए दिशा–निर्देश जारी किए हैं।
3. कला एवं संस्कृति निदेशालय कल से माहव्यापी थिएटर कार्यशाला आयोजित करेगा।
4. अंडमान निकोबार द्वीप समूह केंद्रशासित प्रदेश हज समिति ने हज–2027 के लिए आवेदन आमंत्रित किए है।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल शाम राष्ट्रपति भवन में आयोजित नागरिक अलंकरण के दूसरे समारोह में पद्म पुरस्कार प्रदान किए। पद्म पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक हैं। पत्रकार पी. नारायणन को साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में तथा पूर्व न्यायधीश के.टी. थॉमस को समाज सेवा के लिए पद्म विभूषण से अलंकृत किया गया। इस साल सरकार ने कुल 131 पद्म पुरस्कारों की घोषणा की थी। इनमें पांच पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं। समारोह में पद्म भूषण सात लोगों को दिया गया। जिनमें पूर्व टेनिस खिलाड़ी विजय अमृतराज, अभिनेता ममूटी और प्रख्यात गायिका अलका याग्निक शामिल हैं। वही राजनेता शिबू सोरेन को मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। इसके आलावा सत्तावन लोगों को पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किये गए, जिनमें क्रिकेटर रोहित शर्मा, मशहूर अभिनेता आर. माधवन और प्रसार भारती के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी शशि शेखर वेम्पति शामिल हैं। वहीं, प्रसिद्ध टेलीविज़न और फिल्म अभिनेता सतीश शाह को मरणोपरांत पद्म श्री से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल रहे।

<><><><><><><>

रिजर्व बैंक ने ट्रेड रिसीवेबल्स डिस्काउंटिंग सिस्टम–टीआरईडीएस के लिए नए दिशा–निर्देश जारी किए हैं। इसका उद्देश्य सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों – एमएसएमई के लिए वित्तीय सुविधाओं को आसान

बनाना है। टीआरईडीएस एक ऑनलाइन मंच है, जहां छोटे उद्यम अपने बिलों को बैंकों और वित्तीय संस्थानों के माध्यम से नकदी में बदल सकते हैं। नए नियमों के तहत वित्तीय संस्थानों को ऋण गारंटी सुविधा मिलेगी और एमएसएमई के पंजीकरण की प्रक्रिया भी सरल होगी। आरबीआई ने टीआरईडीएस संचालकों के लिए न्यूनतम शुद्ध संपत्ति की सीमा 25 करोड़ रुपये निर्धारित की है। साथ ही, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि भुगतान सीधे एमएसएमई विक्रेताओं के बैंक खातों में ही जमा हो।

<><><><><><><>

रसायन और उर्वरक मंत्रालय के अधीन फार्मास्यूटिकल्स विभाग ने चिकित्सा उपकरणों की वैश्विक निविदा जांच–जीटीई, छूट सूची में संशोधन के लिए प्राप्त प्रस्तावों पर हितधारकों से सुझाव आमंत्रित किए हैं। मंत्रालय ने कहा कि घरेलू निर्माताओं, आयातकों, उद्योग संघों, खरीद एजेंसियों और स्वास्थ्य संस्थानों सहित सभी संबंधित हितधारक 15 जुलाई से पहले सहायक जानकारी सहित अपने सुझाव ईमेल के माध्यम से भेज सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस, अंडमान निकोबार शतरंज संघ के सहयोग से 27 और 28 जून, को पुलिस लाइन में दूसरी डीजीपी कप अंडमान निकोबार राज्य ओपन शतरंज प्रतियोगिता–2026 का आयोजन करने जा रही है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों का वर्ष 2026–27 का एआईसीएफ पंजीकरण अनिवार्य है। इस प्रतियोगिता के लिए 350 रूपये का प्रवेश शुल्क निर्धारित किया गया है। ओवरऑल ओपन कैटेगरी के विजेताओं को नकद पुरस्कार, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। इसके अलावा, सब–जूनियर और जूनियर श्रेणियों के लड़कों और लड़कियों में शीर्ष प्रदर्शन करने वालों को अलग से ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। इच्छुक प्रतिभागी अपनी प्रविष्टि कल तक पुलिस लाइन स्थित खेल अनुभाग में जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

कला एवं संस्कृति निदेशालय रंगमंच को बढ़ावा देने के अपने प्रयास के तहत राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली के सहयोग से थिएटर कार्यशाला आयोजित करने जा रहा है। कल से शुरू होने वाले इस माहव्यापी कार्यशाला में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के प्रतिष्ठित संकायों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को अभिनय प्रशिक्षण दिया जाएगा। समापन अवसर पर एनएसडी द्वारा एक नाटक का मंचन भी किया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह केंद्रशासित प्रदेश हज समिति ने सभी पात्र और इच्छुक तीर्थयात्रियों से हज–2027 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन 20 जुलाई मध्यरात्रि तक www.hajcommittee.gov.in या HAJ SUVIDHA मोबाइल ऐप के माध्यम से भरे जा सकते हैं। तीर्थयात्रियों को 30 अगस्त, तक 1,52,300 रूपये की अग्रिम राशि जमा करनी होगी। हज–2027 के दिशा–निर्देश वेबसाइट पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए समाज कल्याण निदेशालय स्थित अंडमान निकोबार द्वीपसमूह केंद्रशासित प्रदेश हज समिति के अध्यक्ष कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

पशु चिकित्सालय, मंगलुटान में स्थानीय पोल्ट्री किसानों के लिए हाल ही में बैकयार्ड पोल्ट्री चूजों के वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान, क्षेत्र के 20 बैकयार्ड पोल्ट्री किसानों के बीच एक दिन के चूजे वितरित किए गए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बैकयार्ड पोल्ट्री फार्मिंग को एक स्थायी आजीविका विकल्प के रूप में बढ़ावा देना और ग्रामीण परिवारों के बीच पोषण सुरक्षा में सुधार करना है। इस दौरान किसानों को चूजों के बेहतर रखरखाव के लिए जानकारी दी गई। पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग द्वारा ग्रामीण और अर्ध–शहरी क्षेत्रों में आय बढ़ाने, महिला सशक्तिकरण और पोषण स्तर को ऊंचा उठाने के लिए बैकयार्ड पोल्ट्री फार्मिंग को सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जा रहा है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला, मनरेगा के तहत अनुबंध के आधार पर 11 महीने की अवधि के लिए ग्राम रोजगार सेवक के 4 पदों के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन मांगे गए है। चयनित उम्मीदवारों को 14 हजार रूपये का मानदेय दिया जाएगा। उम्मीदवार को 12वीं कक्षा पास होना अनिवार्य है और उन्हें संबंधित क्षेत्र में कम से कम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए। उम्मीदवार की आयु 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। इस पद के लिए स्वराज द्वीप, शहीद द्वीप और लिटिल अंडमान के स्थानीय उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन 14 जुलाई शाम 4 बजे तक आवश्यक दस्तावेजों के साथ एसडीएम कार्यालय में जिला कार्यक्रम समन्वयक के पते पर जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय, मायाबंदर में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए स्नातक पाठ्यक्रमों में विभिन्न विषयों में अतिथि संकाय का पैनल तैयार किया जा रहा है। इस पद के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि आज है।

इस बीच, कॉलेज नेताजी सुभाष चंद्र बोस उच्च शिक्षण संस्थान के घटक अंडमान कॉलेज में भी शैक्षणिक सत्र 2026–2027 के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में अतिथि संकाय का पैनल तैयार किया जाएगा। चयनित उम्मीदवार को एक हजार पांच सौ रूपये प्रति व्याख्यान का भुगतान किया जाएगा, जिसकी अधिकतम सीमा 50 हजार तक हो सकता है। यह नियुक्ति पूरी तरह से अस्थायी होगी। विस्तृत नोटिस, आवेदन फॉर्म और सेल्फ–मार्किंग प्रोफार्मा कॉलेज की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। पूरी तरह से भरे हुए आवेदन फॉर्म आवश्यक दस्तावेजों के साथ 29 जून दोपहर साढ़े तीन बजे तक कॉलेज के कार्यालय में जमा किए जा सकते है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस भर्ती के तहत कुछ पदों के लिए रिक्तियों में संशोधन किया गया है। इन पदों पर कल मध्यरात्रि तक ऑनलाइन आवेदन जमा किये जा सकते है, जबकि आवेदन पत्र में सुधार खिड़की सत्ताइस जून तक खुली रहेगी।

<><><><><><><>